हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 21. 0 डिग्री

4 मिनी वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में विजेता टीम हुए पुरस्कृत



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ कलेक्टर से मिले शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी

**जांजगीर-चांपा।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जन्मेजय महोबे का शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने कार्यालय में भेंट कर बुके से स्वागत कर कलेक्टर के रूप में जिले की कमान संभालने पर हर्ष व्यक्त किए।साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य योजना पर भी मोर्चा द्वारा चर्चा किया गया।इस दौरान टीचर्स एसोसियेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला,टीचर्स एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, सयुक्त शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विकास सिंह टीचर्स एसोसियेशन जिला सचिव डॉ बोधीराम साहू, शालेय शिक्षक संघ सचिव योगेन्द्र शुक्ला,विजय प्रधान,संजय दुबे,धनंजय शुक्ला,सुभाष शर्मा, राजकिशोर धीरही, संजय दुबे, सतीश स्वर्णकार, आरके सिंह, जी एल चौहान, संजय राठौर, अरुण शर्मा ,नरेंद्र तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, शैलेश दुबे ,शरद राठौर सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बदहाल उद्यान को संवारने पालिकाध्यक्ष से मिले शहरवासी

**जांजगीर-चांपा।** स्वामी विवेकानंद उद्यान की हालत बदहाल हो चुकी है। इसको लेकर शहरवासियों ने पालिकाध्यक्ष और सीएमओ से मुलाकात की। इस दौरान उद्यान को संवारने की मांग की गई। रोज सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों ने स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप चांपा के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उद्यान के जर्जर हो चुके जिम उपकरणों की मरम्मत, टॉयलेट-बाथरूम की सुविधा, वाटर फिल्टर की स्थापना और उद्यान को हराभरा बनाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

### आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती के लिए आवेदन 9 तक

**जांजगीर-चांपा।** कीकृत बाल विकास परियोजना जॉजगीर नवागढ़ 02 में नगर पालिका परिषद जॉजगीर-नैला शहरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 19 ऑगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 18-01 में ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता 01 पद के लिए 09 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि इच्छूक अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस एवं समय पर 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

### फाउंडेशन कराएगा निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह

**जांजगीर-चांपा।** ईशिका लाइफ फाउंडेशन का 'एक शाम शहीदो के नाम' और छत्तीसगढ़ गौरव रत्न सम्मान सफल कार्यक्रम के बाद निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन शीघ्र होने वाला है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाग लेने वालों के लिए पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। इसके लिए ईशिका लाइफ फाउंडेशन जांजगीर से संपर्क किया जा सकता है। इस फाउंडेशन के जरिए चांपा में 'एक शाम शहीदो के नाम' और जांजगीर में 'छत्तीसगढ़ गौरव रत्न सम्मान' का सफल आयोजन किया है। इन दोनों कार्यक्रमों में देश की कई सेलीब्रेटी सहित विभिन्न क्षेत्रों के मशहूर कलाकारों ने शिरकत कर कार्यक्रम को यादगार बनाया है।

### दिसंबर से चल रही प्रक्रिया, अब तक नहीं आई गति

# तीन लाख छोटे-बड़े वाहनों में लगना है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, ले देकर 9 हजार में लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में करीब 3 लाख छोटे बड़े वाहनों में हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना है। यह कार्य बीते दिसंबर माह से प्रारंभ हुआ है, लेकिन इन पांच महीनों में ले देकर 9 हजार वाहनों में ही नंबर प्लेट लगाने का काम हुआ। ऐसे में 2019 के पूर्व रजिस्ट्रेशन वाली इन गाड़ियों के नंबर प्लेट कब तक बदले जाएंगे, कहा नहीं जा सकता।

गौरतलब है कि केन्द्र एवं राज्य शासन के आदेश के अनुसार 2019 के पहले के वाहनो में हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना है, ताकि वाहन की समुचित जानकारी मिल सके। इसके तहत गाडी का नंबर प्लेट हाईसिक्योरिटी करने के साथ वाहन चालक का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं आरसी बुक अपडेट किया जाना है। अधिकारियों के मुताबिक जांजगीर चाम्पा जिले में वर्ष 2019 के पहले के करीब 3 लाख छोटे बड़े वाहनो के नंबर प्लेट हाईसिक्योरिटी किया जाना है। जिसके तहत करीब 9 हजार गाडियो का नंबर प्लेट हाई सिक्योरिटी हो गया है। वही अभी 2 लाख 91 हजार गाडियो का नंबर प्लेट अभी अपडेट किया जाना है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। कि हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में 2 लाख 42 हजार 820 दो पहिया वाहन, मोपेड 19 हजार 984, चार पहिया वाहन 8 हजार 903, ट्रैक्टर 16 हजार 214, एवं ट्राली 12 हजार 81 है, जो परिवहन विभाग के द्वारा पंजीकृत है। इन सभी वाहनो में इस तरह का नंबर प्लेट लगाया जाना है। जांजगीर चाम्पा जिले की सडको पर रोजाना सडक हादसो के मामले सामने आ रहे है। ऐसे मे हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट लगने के बाद किसी तरह के हादसे होने की जानकारी तुरंत परिवहन विभाग के पास भी उपलब्ध हो सकती है। वही दुर्घटना की जानकारी भी मिल सकती है। बताया जाता है कि जिले के 3 लाख वाहनो मे हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना है। जिसके तहत अब तक 9 हजार गाडियो में नंबर लग पाए है। वही करीब 2 लाख 91 हजार वाहनो में नंबर प्लेट लगाया जाना बाकि है। देखा जाए तो वाहनो मे नंबर प्लेट लगाने का कार्य धीमी गति से चल रहा है। इधर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने को लेकर वाहन चालक परेशान नजर आ रहे है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि वाहन चालकों का मोबाइल आधार एवं आरसी बुक अपडेट कराने को लेकर दिक्कतें आ रही है। वहीं दूसरी ओर स्टाफ की समस्या के चलते शिविर भी आयोजित नहीं हो पा रहे है। जिसके चलते नंबर लगवाने चालक मशक्कत कर रहे है।



#### भारी वाहनों के लिए 705 रूपए की फीस

हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए शासन के द्वारा फीस निर्धारित किया गया है। जिसके तहत दो पहिया वाहन बाइक के लिए 365 रूपऐ, तीन पहिया वाहन के लिए 427 रूपऐ, चार पहिया वाहन के लिए 656 रूपए एवं भारी वाहनो के लिए 705 रूपए का फीस शासन के द्वारा निर्धारित किया गया है। इसी के तहत वर्ष 2019 के पहले के वाहन वाले चालको को अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं आरसी बुक भी अपडेट किया जाना है, ताकि बाद में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

#### चल रहा कार्य

3 लाख वाहनो मे हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना है। करीब 9 हजार वाहनो मे नंबर प्लेट लग गया है। इसके लिए वाहन चालको का मोबाइल नंबर भी अपडेट किया जाना है। नंबर प्लेट लगाने का कार्य चल रहा है।

-गौरव साहू,
जिला परिवहन अधिकारी, जांजगीर चांपा

# शादी में गया था पूरा परिवार, जेवरात नकदी समेत 10 लाख का माल पार

## अकलतरा वार्ड क्रमांक 2 में चोरी की बड़ी वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शादी समारोह में शरीक होने रायपुर गए व्यवसायी के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। इस दौरान सोने चांदी के जेवरात व 50 हजार रुपए नगदी समेत तकरीबन 10 लाख का माल पार कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। घटना अकलतरा के वार्ड नंबर 2 पोड़भांठा की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल स्टोर संचालक अकलतरा के वार्ड नंबर 2 पोड़ीभांठा निवासी योगेश कुमार केंवट रविवार 27 अप्रैल को अपने पूरे परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए रायपुर चला गया। इस दौरान सूने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने भीतर कमरे में रखी आलमारी को तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के आभूषण और नगदी रकम को पार कर दिए। इधर सोमवार 28 अप्रैल को तड़के करीब 3:30 बजे योगेश केंवट का परिवार शादी समारोह से लौट कर घर पहुंचा था तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। वे मेन गेट से जैसे ही भीतर पहुंचे। दरवाजों के ताले टूटे हुए थे। वहीं कीचन का दरवाजा टूटा हुआ था। बेडरूम में भी दरवाजा टूटा हुआ मिला और वहां आलमारी में रखी सोने के एक नेकलेस, 3 अंगूठी एक कंगन 2 टॉप्स 10 तोला गायब मिला। यहीं नहीं दूसरे कमरे के आलमारी में रखे हुए 50 हजार रुपए नगदी भी गायब थे। उन्होंने इस घटना की सूचना तत्काल थाने में दर्ज कराई। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान डॉग स्क्वायड को बुलवाया गया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर आसपास के लोगों से जानकारी ली। सुबह करीब 10 बजे डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची। पुलिस का खोजी कुत्ता मकान के पीछे से चलते हुए रेलवे लाइन तक पहुंचा। इसके बाद भटक गया। बताया जाता है कि जहां पर कुत्ता पहुंचा, वहां शराब की बोतले, बीड़ी माचिस और गांजा की खाली पुड़िया पड़ी हुई थी। बहरहाल पुलिस पतासाजी कर रही है।





टूटा आलमारी का लॉकर और रेलवे ट्रेक तक पहुंची डॉग स्क्वायड की टीम।

# रेत के अवैध भंडारण व परिवहन पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर ने सोमवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने रेत के अवैध भंडारण व परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी विभागों में चल रहे कार्यों की गहन समीक्षा कर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सोमवार 28 अप्रैल को खनिज, राजस्व अधिकारियों को अवैध खनन परिवहन व भंडारण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को प्राप्त आवेदनों को स्वयं पढ़ कर त्वरित निराकरण करने एवं समाधान शिविर हेतु आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली । कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के कार्यान्वयन की जानकारी लेते लक्ष्य अनुरूप अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए साथ ही सर्व एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ जनपद सहित संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना,राशन कार्ड का शत प्रतिशत ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियो को अवैध प्लाटिंग एवं अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने, सभी विभागो को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न समिति का गठन करने के निर्देश दिए हैं।



## महुआ शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**मालखरौदा।** 38 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं मोटर साइकिल के साथ अलग अलग प्रकरण में 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल को ग्राम वीरभाटा मेन रोड तालाब के पास दबिश दी। आरोपी हुमेश्वर कुमार साहू को बाइक में कच्ची महुआ शराब 15 लीटर कीमती 1500 रुपए परिवहन करते पकड़े तथा आरोपी ओम प्रकाश भारती से ग्राम चारपारा में उसके घर से अवैध कच्ची महुआ शराब 23 लीटर कुल 38 लीटर कामती 38 सौ रुपए को पकड़ा पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# यातायात पुलिस का सख्त अभियान जारी, चालकों का काटा गया चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- चांपा के परशुराम चौक में चला अभियान

चांपा नगर में यातायात पुलिस का सख्त अभियान जारी है। इसी के तहत पुलिस द्वारा नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए चालान काटा गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर के परशुराम चौक स्थित यातायात पुलिस ने बुलेट में अवैध सेलेन्शर लगाने, प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने, तीन सवारी बैठाने तथा शराब पीकर वाहन चलाने जैसे नियम उल्लंघनों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर में लगातार यह शिकायत मिल रही थी कि नाबालिग तेज रफ्तार से वाहन चला रहे हैं और हाई स्पीड ड्राइविंग से आमजन की जान को खतरा हो रहा है। इन शिकायतों के मद्देनजर यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने वालों पर तत्काल चालानी कार्रवाई की जाएगी और गंभीर मामलों में वाहन जप्त कर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। नगरवासियों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया है और अपेक्षा जताई है कि इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा नगर में यातायात व्यवस्था और अधिक सुचारू होगी।



वाहन चालकों पर कार्रवाई करते पुलिस जवान।

# धान से भरे वाहन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत, सड़क पर उतरे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान से भरे ट्रक की चपेट में आकर अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। इस बीच गुस्साए लोग सडक पर उतर गए। वही मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। इस बीच प्रशासन एवं ट्रक मालिक के द्वारा करीब 60 हजार की सहायता राशि दिए जाने के बाद मामला शांत हुआ। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेई की है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार 28 अप्रैल दोपहर 1 बजे की है। शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम खोरसी निवासी रामकुमार साहू उम्र 50वर्ष किसी काम से अपने गांव खोरसी से शादी कार्ड बांटने के लिए शिवरीनारायण की ओर जा रहा था। इस दौरान धरदेई के पास उसकी बाइक को धान से भरे ट्रक ने ठोकर मार दी। घटना में रामकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वही मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद वाहन चालक मौका देखकर फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी आसपास के लोगो ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस बीच ग्रामिण मुआवजे की मांग को लेकर सडक पर उतर गए। वही शासन एवं ट्रक मालिक के द्वारा करीब 60 हजार रूपऐ की सहायता राशि प्रदान किए जाने पर मामला शांत हुआ। घटना के बाद मृतक के शव का पंचनामा एवं पीएम की कार्यवाही कर शव परिजनो को सौप दी गई। पुलिस वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है। वही दुर्घटना कारित वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।



आक्रोशित ग्रामीणों ने किया हो हंगामा।

### कलेक्टर ने कहा- समन्वित प्रयास से करेंगे विकास कार्य, नहीं होगी संवादहीनता

# शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन ही प्राथमिकता : महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सरकार की मंशानुसार सभी के समन्वित प्रयास से जिले में विकास कार्य कराएं जाएंगे। शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना ही प्रशासन का उद्देश्य होगा। सरकार की प्राथमिकताएं ही हमारी प्राथमिकता होगी। किसी भी मामले में शासन प्रशासन और मीडिया के साथ आमजन के बीच संवादहीनता की स्थिति नहीं बनेगी।

यह बातें नवपदस्थ कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कही। वे सोमवार 28 अप्रैल को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। नवपदस्थ कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि कलेक्टर के रूप में काम करने के लिए जांजगीर चांपा उनका तीसरा जिला है। इसके पूर्व वे बालोद और कवर्धा कलेक्टर रहे है। पत्रकारों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत चर्चा करते हुए कलेक्टर महोबे ने कहा कि सरकार की मंशानुसार काम करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता होगी। सभी के समन्वित प्रयास से विकास कार्य कराएं जाएंगे। इस दौरान रबी फसल के लिए हो रही सिंचाई की समस्या के संबंध में उन्होंने यथासंभव प्रयास करने की बात कही तथा कृषि प्रधान जिले में फसल चक्रण को बढ़ावा देने और नहरों की मरम्मत समेत आवश्यक कार्य कराने की बात कही। इसी प्रकार जिले में घटते वन क्षेत्र पर भी चिंता जाहिर करते हुए इस दिशा में कार्य करने की बात कही। इसी प्रकार कलेक्टोरेट रोड़ पर पेड़ों पर कटाई, जिले में हो रहे अवैध प्लाटिंग के साथ शहर में अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर उन्होंने जानकारी लेकर उचित पहल करने की बात कही। जिला अस्पताल सहित बीडीएम चांपा में व्याप्त अव्यवस्था पर भी उन्होंने जानकारी लेकर कार्रवाई करने की बात कही। जिले में टूरिंज्म को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने, सड़कों की मरम्मत सहित जनहित के अन्य कार्यो पर चर्चा करते हुए कहा कि इस दिशा में शीघ्र उचित कदम उठाए जाएंगे।



#### जनदर्शन में 82 आवेदन हुए प्राप्त, लोगों की सुनी समस्याएं

कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सोमवार 28 अप्रैल को सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के आमजनों की मांग, शिकायतों एवं समस्याओं को सुना और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को त्वरित कार्यवाही करते हुए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में तहसील अकलतरा के ग्राम सोनईडीह निवासी राजेन्द्र यादव द्वारा आर्थिक सहायता, ग्राम पिपरसत्ती निवासी गंगा प्रसाद खाण्डेय द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने, तहसील चांपा के ग्राम बालपुर निवासी श्रीमती केवरा बाई गोड़ द्वारा पीएम आवास योजना के संबंध में, तहसील नवागढ़ के ग्राम खैरताल निवासी श्रीमती आरती निराला द्वारा महतारी वंदन की राशि दिलाने , तहसील जांजगीर के ग्राम बिरगहनी निवासी श्रीमती उर्मिला महंत द्वारा इलाज हेतु सहायता राशि दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री महोबे ने प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस ने दी दबिश, 4 जुआरी आए पकड़ में, 6 फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ग्राम सेंदुरस के बोरई नदी के पास पुलिस ने दबिश दी, जहां जुआ खेलते 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं आधा दर्जन जुआरी फरार हो गए।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सेदूरस खार बोरई नदी के पास जुए की फड़ लगी हुई है। इस पर पुलिस ने वहां रेड की कार्रवाई की। मौके पर 4 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़े तथा 6 जुड़ियान मौके से भाग गए। इधर पकड़े गए जुआरियों से पूछताछ करने पर आरोपीगण के द्वारा 6 अन्य आरोपियों को भी जुआ खेलना बताया। उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया। 4 आरोपियों के कब्जे से 9 हजार 5 सौ रुपए व बापनपरी ताश को जब्त किया गया। उक्त कार्यवाही निरीक्षक सतरूपा थाना प्रभारी मालखरौदा के नेतृत्व में साइबर प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह, राधेश्याम राठौर, आरक्षक शत्रुघन जांगड़े, सेत राम पटेल, नन्ही यादव, महेंद्र कंवर, शरद सिडार, बैठियार सिदार सहित स्टाफ का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप



### पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**कोरबा।** सर्व ब्राह्मण समाज, परशुराम सेना, और छत्तीसगढ़ द्विज परिवार बालको के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सभा में शहर के सैकड़ों लोग शामिल हुए। घंटाघर के पास पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और दो मिनट के मौन के साथ शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस हमले में कई जवान शहीद हो गए। कोरबा की इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हर व्यक्ति की आँखें उस बलिदान को याद कर नम थीं। दीपों की रोशनी और मौन की गहराई ने शहीदों के प्रति सम्मान और उनके परिवारों के प्रति संवेदना को व्यक्त किया। इस सभा में सर्व ब्राह्मण समाज, मारवाड़ी ब्राह्मण समाज, और छत्तीसगढ़ द्विज परिवार बालको के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। रामकिशोर शर्मा, राजीव शर्मा, वैभव शर्मा, मनीष मिश्रा, अविनाश जोशी, विजय दुबे, रविंद्र दुबे, अजय पांडेय, प्रभात शर्मा, राजेश दुबे जैसे प्रमुख लोग उपस्थित थे। सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष अरुण शर्मा, अध्यक्ष हेमंत शर्मा, सचिव संजय तिवारी, पवन शर्मा, और हेमंत गौतम ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

**कोरबा।** कर्मचारी समस्याओं व विद्युत सबस्टेशन में उत्पन्न विद्युत व्यवधान में सुधार के लिए भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की बैठक अधीक्षण अभियंता वृत्त कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सभी अधिकारियों को संघ की ओर से पुष्प भेंट कर अभिनंदन किया गया। कोरबा वृत्त के सचिव एवं प्रदेश मंत्री यशवन्त राठौर ने संगठन के पदाधिकारियों तथा अधिकारियों का आपस में परिचय कराया। इसके पश्चात बिलासपुर क्षेत्र के अध्यक्ष संतोष शर्मा, महामंत्री संजय तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष रामायण प्रसाद, उपाध्यक्ष मनीष क्षत्री तथा प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने कर्मचारियों की स्थापना शाखा से जुड़ी समस्याओं जैसे एडिशनल वेजेस, चिकित्सा देयक, यात्रा देयक, पदोन्नति, रेगुलराइजेशन तथा 33/11 के व्ही सबस्टेशन में होने वाले विद्युत व्यवधान के सुधार मरम्मत एवं सबस्टेशन ऑपरेटर्स को नियमित भुगतान करने, लंबित ईएसआईसी व ईपीएफ की राशि भुगतान करने संबंधी विषयों पर सकारात्मक चर्चा की। बैठक में पावर कंपनी से अधीक्षण अभियंता पी एल सिदार, कार्यपालन अभियंता एस के सोनी,एस के ठाकुर,आर एल वर्मा, रेणुका वर्मा ने समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन को आश्वस्त किया। संगठन से सुनीता जायसवाल, रजनी ओगरे, कोरबा वृत्त के अध्यक्ष सलिल शर्मा, सत्यप्रकाश गांधी गुप्ता तथा राजदेव सिंह की मौजूदगी रही। अंत में श्री राठौर ने सभी का आभार प्रकट करते हुए पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगत हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने शोक संवेदना व्यक्त की।

### एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में ग्राम पंचायत अलगीडॉढ ने पारित किया प्रस्ताव

**कोरबा।** ग्राम पंचायत अलगीडॉढ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर एक राष्ट्र, एक चुनाव अवधारणा के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं।

अटल आवास, झोपड़पट्टी बस्ती, फेरी करने वाले, किरायदार और संदिग्ध व्यक्तियों की हुई जांच

# पुलिस ने जिले में चलाया विशेष अभियान, स्लम बस्तियों में पहुंचकर की 1844 व्यक्तियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा एकदिवसीय अभियान चलाया गया जहां जिले के विभिन्न थानेदार अपने अपने क्षेत्र के स्लम बस्तियों में पहुंचकर 1844 व्यक्तियों की जांच पड़ताल की गई। साथ 738 दीगर राज्यों से पहुंचे लोगों की मुसाफिरी दर्ज की गई। साथ ही फेरी वालों किरायादारों के दस्तावेजों की जांच की गई।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर थाना चौकी प्रभारियों द्वारा अपने अपने इलाकों में दस्तक दी जहां पुलिस द्वारा अवैध/अनधिकृत रूप से प्रवासियों की संभावना हो सकती है संस्कृतिक, जातीय, बोल-चाल, रहन-सहन में समानताएं होने के कारण कई बार ऐसे प्रवासियों पर ध्यान नहीं दिया जाता है ऐसे अवैध प्रवासियों नागरिक अधिकारों का उल्लंघन करने के साथ-साथ गंभीर सुरक्षा की चुनौतियां भी पैदा कर सकते हैं ऐसे तत्वों के विरुद्ध कोरबा पुलिस अभियान चल रही है इसके साथ-साथ फेरी करने वाले, किराएदार, अटल आवास, झोपड़पट्टी और संदिग्ध व्यक्तियों का जांच अभियान चलाया गया। कोरबा पुलिस के द्वारा कोतवाली क्षेत्र में मोतीसागर पारा, अटल आवास राताखार, रामसागर पारा, पुरानी बस्ती, थाना सिविल लाइन क्षेत्र में काशी नगर, थाना दर्री क्षेत्र में केनदईखार, अटल आवास लाटा, दर्री बस्ती, अयोध्यापुरी, थाना कटघोरा क्षेत्र में अटल आवास जेंजारा, खुडरीगढ हनुमानगढ़ी पहाड़ पुलिस टीम के द्वारा व्यक्तियों की सूची बनाकर थाने में विद्वत तरीके से दिया जाए और अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में रुका हो उसकी जानकारी भी तुरंत नजदीकी थाने में दिया जाए। पुलिस टीम के द्वारा संदिग्धों और मुसाफिरों की जांच को लेकर क्षेत्र में घूम-घूम कर सामानों की फेरी करने वाले, सड़क किनारे जड़ी बूटी, कपड़े, खिलौने बेचने वाले तथा गैस चूल्हा आदि रिपेयर करने वालों को पुलिस थाना में तलब कर उनके वास्तविक पते, वर्तमान गतिविधियों तथा मुसाफिरी दर्ज कराने की जानकारी लिया गया। कुछ फेरीवालों ने थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराये थे उन्हें फटकार लगा कर उनका मुसाफिरी दर्ज किया गया। जिला पुलिस के द्वारा मुसाफिर चेक करते हुए अन्य राज्य से 738 अन्य जिले से 466 स्थानीय व्यक्ति 640 लोगों को चेक किया गया। संदिग्ध अजनबी के तहत 124, गिरफ्तारी वारंट 23, कोरबा पुलिस द्वारा कुल 1844 लोगों को चेक किया गया। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, उड़ीसा जैसे राज्यो को एवं 466 अन्य दीगर ज़िलों को जारी किया गया है एवं उनके राज्य के नजदीकी थाने में संपर्क करके उनके बारे में जानकारी लिया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर व यातायात एवं साइबर सेल प्रभारी रविंद्र कुमार मिना, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, पुलिस अधीक्षक दर्री विमल पाठक, कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर एवं थाना चौकी से कुल 156 अधिकारी कर्मचारियों ने इस अभियान में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


किरायादारों से पूछताछ करती पुलिस की टीम।

### किरायादारों की हो रही सूची तैयार

थाना प्रभारियों द्वारा फेरीवालों को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर सामान्य जीवन व्यतीत करने की समझाइश दी गई है और गलत काम धंधों में पाए जाने से कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देकर छोड़ा गया है। मकानों में रहने वाले मकान मालिकों व किराएदारों का सत्यापन किया गया और किराएदारों की सूची तैयार की गई। सत्यापन कार्य में लगे पुलिस के द्वारा किराएदारों के आईडी लेकर चेक किये और उनके काम काज की जानकारी लिया गया तथा उन्हें अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश दिये। पुलिस की टीम के द्वारा मकान मालिक की व्यक्तिगत जवाबदारी है कि वह थाने में किराएदार की सूचना दें। उन्होंने मकान मालिकों को हिदायत दिए कि वे मकान किराये पर देने से पूर्व अनिवार्य रूप से किराएदार का पुलिस वेरिफिकेशन कराये अगर कोई मकान मालिक नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही हो सकती है।

# दो अलग- अलग स्थानों में चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्र में चोरी की दो घटना सामने आयी है दोनों ही मामलों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत केसीसी कॉलेज के बुधवारी बस्ती निवासी कुलदीप सिंह राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह फोटोग्राफी का काम करता है।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी तथा बालको थाना क्षेत्र की घटना

कुलदीप ने जुगुत राठौर का बेटा का विवाह में विडियो सुटिंग का काम लिया था जिसका विवाह 16 से 19 फरवरी तक ब्रम्हवाटिका मिनीमाता कॉलेज कोरबा के पीछे में आयोजित था जिसमें कुलदीप विडियों शुटिंग का काम कर रहा था। 19 फरवरी को रिसेप्शन था। कुलदीप अपना विडियों शुटिंग का सामान को लेकर स्टेज के पास फोटोग्राफी टेबल में रखकर अपना काम कर रहा था। इसी रात 9.30 बजे के आसपास कुलदीप फोटो और विडियो शुटिंग का काम में व्यस्त हुआ उसके बाद रात 10 बजे आसपास कुलदीप अपने सामान रखे टेबल के पास गया तो देखा कि कैनन कैमरा 6डी मार्क-2- 1 नग, कैनन आर-6 मार्क-2 का बैटरी- 2 नग व चार्जर-3 नग, निकॉन का जेड-6 मार्क-2 का बैटरी- 1 नग व चार्जर-1 नग, डीजिटेक का फ्लैस लाईट 3 सेट बैटरी व चार्जर-1 नग, 5-सनडिस्क का मेमोरीकार्ड 64 जीबी का-5 नग को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया है। कुलदीप की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह बालको नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एलसीएच/43 रजगामार थाना बालको निवासी तिलेश्वरी चंद्रा उम्र 32 वर्ष पति तोरण सिह चंद्रा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 अप्रैल को तिलेश्वरी अपने पुत्र भावेश चंद्रा के साथ सुबह 7.30 बजे सदभावना बस मे एक बैग लेकर बैठी उस बैग के अंदर उसके और उसके बच्चे के कपडे थे। कपडे के अंदर पेटीकोट मे अंदर मे एक हार के डिब्बे मे बंद था। तिलेश्वरी बस चढ़ते समय अपने मेहरून रंग के अपने बैग को बस के केबीन मे रखने के लिये सदभावना बस के कंडेक्टर को दी थी जो तिलेश्वरी के सामने उसके बैग को केबीन के अंदर रखा था। सक्ती में जब बस रूकी तो तिलेश्वरी ने देखा कि उसका बैग बस के केबीन मे नही था। जिसके बाद तिलेश्वरी अपनी मां घर मे रखी थी लेकिन जब बैग खोलकर देखी तो उसका हार उसमें नहीं था। तिलेश्वरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा कार्यालय में आज एक भव्य और गरिमामय समारोह के बीच नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यभार ग्रहण किया। श्री मोदी ने संगठन की जिम्मेदारी संभालते हुए सबको एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर परगोपाल साहू, जोगेश लांबा, नवीन पटेल, संदीप सहगल, ज्योति वर्मा, विकास अग्रवाल, मनीष मिश्रा,मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने गोपाल मोदी का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें अपनी शुभकामनाएँ दीं। संगठन को मजबूत करने का संकल्पःसमारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। नए नेतृत्व के प्रति कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। सभी ने आने वाले समय में भाजपा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने के लिए एकजुटता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का भरोसा जताया।

**खास बात**

- कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने का दिया संदेश



सम्मान समारोह में कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के पदाधिकारी।

### डीएव्ही स्कूल में केजी-1 में आरटीई में प्रवेश, 10 मई तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** जिले में संचालित 5 डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बडमार, जेंजरा, खरमोरा, सैला, डोंगरतराई में के.जी. 1 में शिक्षा के अधिकार के तहत एवं शासकीय कोटा के रिक्त सीट में प्रवेश दिया जा रहा है। इस हेतु आवेदन संबंधित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में 10 मई तक जमा कर सकते हैं। शिक्षा के अधिकार के तहत गरीबी रेखा तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं पात्र होंगे एवं शासन कोटा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, निःशक्तजन, निर्धन वर्ग, परित्यक्ता, मातृ-पितृ हीन के छात्र/छात्रा आवेदन के पात्र है। शासकीय कोटा एवं शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई शाम 5 बजे तक है। आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी संबंधित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल से प्राप्त किया जा सकता है।

# लायंस क्लब ने किया शीतल पेयजल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शुरू से ही हर क्षेत्र में सामाजिक गतिविधिया करते आई हैं। इसी कड़ी में बढ़ रही इस चिलचिलाती धूप को देखते हुए मुख्य मार्ग प्रायमरी स्कूल के बगल में आने जाने वाले राहगीरों के लिए शीतल पेयजल पानी प्याऊ का स्टाल लगाया गया। जिसका शुभारंभ नगर निरीक्षक कटघोरा



प्याऊ का उद्घाटन करते थाना प्रभारी।

### लावारिश हालत में 210 लीटर डीजल बरामद

**कोरबा।** दीपका पुलिस को सीआईएसफ ने सूचना दी कि एक संदिग्ध बोलेरो कैम्पर एसईसीएल गेवरा खदान में घूम रहा है। सीआईएसफ पेट्रोलिंग टीमों, सीआईएसफ आसूचना विभाग, एसईसीएल सिक्यूरिटी एवं लोकल पुलिस के संयुक्त प्रयास से गेवरा माइंस के सभी संदिग्ध एरिया की तलाशी की गई। इसी दौरान लगभग 3.30 बजे गेवरा माइंस के आम्रकानन प्लांटेशन एरिया में उक्त कैम्पर लावारिश हालत में मिला जिसकी तलाशी लेने पर उसमें 35 लीटर क्षमता की डीजल से भरी थी।

# नेशनल लोक अदालत हेतु न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों की ली बैठक

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। इस क्रम में 10 मई को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, बैंक के प्रकरण, लिखत पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण एवं अन्य व्यवहार वाद के प्रकरण रखे जायेंगे। माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) के द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों जिसमें 5 से 10 वर्ष से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु रखे जाने एवं अधिक से अधिक प्रकरण रखे जाने तथा निराकरण किये जाने के प्रयोजनार्थ न्यायिक अधिकारियों की बैठक 25 अप्रेल को न्यायालय भवन के विडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष में ली गई। इस बैठक में श्री जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी.) पीए एक्ट कोरबा (छ0ग0), श्रीमति गरिमा शर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा (छ0ग0), डा. ममता भोजवानी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. (पाक्सो) कोरबा, श्री सुनील कुमार नन्दे, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) कोरबा, श्री शीलू सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

**फार्म अ**

**सार्वजनिक सूचना (नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक खेमन्त कुमार आ. श्री सेवन्त कुमार, जाति कोष्टा, आयु 28 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 16 ग्राम माटी, पो. भंवरमरा, थाना व तह. डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका भुवनेश्वरी देवांगन आ. श्री अशोक कुमार देवांगन, जाति-कोष्टा, आयु 28 वर्ष निवासी वेलदार पारा चांपा, थाना व तह. चांपा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 02/05/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 04/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अगामी तिथि 02/05/2025

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)**

जाँजगीर मार्केट

ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर 66% छूट 2 पे 4 फ्री
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) 33% छूट
फायर सेफ्टी रिफलिंग सुविधा उपलब्ध अब आपके शहर जांजगीर में
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SPRHC फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं:
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

28-April- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/28/2025 7:55 PM Page 1





# मैडम तुसाद संग्रहालय की शोभा बढ़ाएंगे राम चरण...

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम चरण की मोम की प्रतिमा सिंगापुर के मैडम तुसाद संग्रहालय में लगाई जाएगी। अभिनेता टॉलीवुड के चौथे सितारे होंगे, जिनकी मोम की प्रतिमा इस प्रसिद्ध संग्रहालय में लगाई जाएगी। पहले यह घोषणा की गई थी कि अभिनेता राम चरण के प्रिय पेट डॉग राइम का मोम का पुतला लंदन के मैडम तुसाद संग्रहालय में उनके मोम के पुतले के साथ ही लॉन्च किया जाएगा। अब उनके वैक्स स्टैच्यू के लॉन्च की तारीख भी सामने आ गई है। पिछले साल अबू धाबी में आयोजित आइफा अवार्ड्स के दौरान इस सम्मान का परिचय देने के लिए एक विशेष वीडियो दिखाया गया था।

लाइफ Style



# कृति

## मेंटल हेल्थ के लिए सरकार से की ये अपील

एजेंसी ⏭ मुंबई

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूरे बॉलीवुड ने आलोचना की और कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस बीच अभिनेत्री कृति खरबंदा ने हमले से प्रभावित हुए लोगों के लिए सरकार से मदद मांगी। उन्होंने पीड़ितों द्वारा मानसिक आघात का सामने किए जाने पर प्रकाश डाला।

अभिनेत्री ने पहलगाम हमले से प्रभावित परिवारों के लिए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की। इस पोस्ट में अभिनेत्री ने लिखा, 'कुछ विचार हैं, जो मेरे दिल को भारी कर रहे हैं। मैं उन्हें साझा करने के लिए बाध्य महसूस कर रही हूं।' अभिनेत्री ने पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर के वास्तविक संघर्षों के बारे में बात की। उन्होंने मेंटल हेल्थ पेशेवरों से पीड़ितों की सहायता के लिए आग्रह किया। अभिनेत्री ने अपनी स्टोरी में लिखा, 'मैं हमारी सरकार, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों, गैर सरकारी संगठनों और भावनात्मक उपचार के क्षेत्र में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति से आग्रह करती हूं। कृपया इन परिवारों तक तक पहुंचें। जो चले गए वो चले गए, लेकिन जो अभी भी यहां हैं, उन्हें हमारी जरूरत है। वो कभी ठीक नहीं हो सकते हैं। उन्हें इससे निपटने में मदद की जा सकती है।' अभिनेत्री ने अपनी इस पोस्ट में जोर देते हुए कहा कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है।' अभिनेत्री ने कहा, 'यह किसी आस्था का काम नहीं है, बल्कि व्यक्तियों का काम है- एक विकृत, कायर मानसिकता का। लोगों पर उनके सबसे कमजोर समय में हमला करने के लिए क्रूरता के अलावा और कुछ नहीं चाहिए।

## हॉलीवुड मसाला



### ज्वेलरी चोरी मामले में संदिग्ध


# मांगेगा माफी

**लॉस एंजिल्स।** किम कार्दशियन के साथ हुई डकैती में 10 लोग शामिल थे, जिन पर सशस्त्र डकैती और अपहरण जैसे गंभीर आरोप हैं। उन्हीं में से एक ने कहा है कि वह पेरिस ट्रायल के समय माफी मांगेगा। 2016 में किम कार्दशियन के साथ पेरिस में हुई सशस्त्र डकैती के एक संदिग्ध, 71 साल के यूनिस अब्बास ने कहा है कि वह सोमवार से शुरू होने वाले पेरिस ट्रायल के मुकदमे में अपनी गलती स्वीकार करेगा और माफी मांगेगा। अब्बास ने कहा, 'मैं ईमानदारी से माफी मांगूंगा।' पेरिस फैशन वीक के दौरान किम कार्दशियन जिस अपार्टमेंट में रुकी थीं।



# जस्टिन बीबर पर टूटा दुखों का पहाड़...

**लॉस एंजिल्स।** कैनेडियन पॉप सिंगर जस्टिन बीबर पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। उनके नाना ब्रूस डेल का 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। बताया जाता है कि जस्टिन पहले से ही हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हाल ही में उनके कुछ वीडियोज वायरल हुए थे, जिसमें उनका बर्ताव देखकर उनके फैंस हैरान-परेशान हो गए थे। वाइफ हैली बीबर संग उनके रिश्ते में अनबन और तनाव की अफवाह भी उड़ी थी। जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पर अपने दिवंगत नाना को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'पापा, मैं हमेशा आपके सारे पैसे ले लेता था। मुझे याद है कि आपने मुझे खास तौर पर बताया था कि नानी ने आपको हफ्ते के लिए 20 डॉलर का भत्ता दिया था! मैं हमेशा आपको शुक्रवार की रात हॉकी खेल के दौरान स्नैक्स पर खर्च करने के लिए मनाता था।



# 'सितारे जमीन पर' 20 जून को देगी दस्तक

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। आमिर ने ये कंफर्म किया कि 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। वहीं, फिल्म के मुख्य विषय के बारे में बात करते हुए आमिर ने कहा कि यह कई मायनों में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में है। आमिर के इस खुलासे के बाद अब दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2007 में आई आमिर खान द्वारा निर्देशित 'तारे जमीन पर' की अगली कड़ी बताई जा रही है। 'तारे जमीन पर' में डिस्लेक्सिया से पीड़ित एक बच्चे के संघर्ष को संवेदनशील तरीके से दिखाया गया था।



# टेबल टेनिस खिलाड़ी की भूमिका में...

**मुंबई।** फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में सभी का दिल जीत चुके विक्की कौशल अब जल्द ही एक अनोखे किरदार में नजर आएंगे, जो लोगों के बीच पहले से ही मशहूर है। दरअसल, विक्की टेबल टेनिस खिलाड़ी की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। ओटीटी प्ले की एक खबर के मुताबिक, 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाकर खूब वाहवाही बटोर चुके विक्की कौशल मे इस फिल्म के अलावा 'सरदार उधम' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों में भी वास्तविक किरदार निभाए हैं। अब, मशहूर टेबल टेनिस खिलाड़ी और ओलंपियन शरत कमल ने अपनी बायोपिक में विक्की कौशल को देखने की इच्छा जताई है। शरत कमल ने कहा कि वह अपनी बायोपिक के लिए विक्की कौशल को देखना पसंद करेंगे।

## टीवी मसाला



# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आएगा नया ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** लंबे समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता में फैंस को चौथी पीढ़ी देखने को मिल रही है। जहां अभीरा और अरमान के किरदार में समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित की कैमेस्ट्री पसंद आ रही है तो वहीं लोगों का ध्यान सीरियल की कहानी पर जा रहा है। ये रिश्ता क्या कहलाता है के लेटेस्ट एपिसोड में पोद्दार परिवार कावेरी का बर्थडे सेलिब्रेट करता हुआ नजर आता है। जबकि अभीरा और अरमान जश्न में शामिल होते हैं। हालांकि, पूरा परिवार जान जाते हैं कि अभीर और चारू एक दूसरे को पसंद करते हैं, जिसके चलते शो के मेकर्स ने नया ट्विस्ट लाने का फैसला किया है। अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि अरमान, विद्या से वादा करेगा कि अगर अभीर और कियारा अलग हो गए तो वे गोयनका से रिश्ता तोड़ देंगे। जबकि, दूसरी तरफ अभीर और अरमान के बीच एक और तीखी बहस देखने को मिलेगी। दरअसल, अभीर और कियारा को अभीरा तलाक लेने की सलाह देगी। हालांकि, कियारा ऐसा करने से मना कर देगी और अपने रिश्ते को एक और मौका देने की बात कहेगी। इससे अभीर और चारू हैरान रह जाएंगे। वहीं, अभीर कियारा के फैसले पर सवाल उठाएगा और कहेगा कि वह क्यों उस इंसान के साथ रहना चाहती है, जो किसी और से प्यार करता है। दूसरी तरफ मनीष माफी मांगता है। जबकि मनोज कहता है कि अगर अभीर सच में चारू को पसंद करता है तो वह घर आ सकती है।

## माधुरी के गाने पर 9 आंटियों ने किया डांस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित का हर कोई दीवाना है। वहीं, उनके गाने एक दो तीन से लेकर चने के खेत में को फैंस का खूब प्यार मिलता है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जो कि एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के शो डांस दीवाने का है। वीडियो में नौ मांएं एक्ट्रेस को उनके अब तक फिल्मों में दिए किरदार को कॉपी करते हुए डांस परफॉर्मेंस देती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो को देखते ही



फैंस भी दिल हार बैठे हैं। वहीं फैंस शानदार कहते हुए नजर आ रहे हैं। कलर्स टीवी के इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो शेयर किया गया था, जो कि एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के 57वें बर्थडे स्पेशल एपिसोड था। इसमें भारती सिंह को हंसी मजाक करते हुए देखा जा सकता है। जबकि माधुरी स्टेज पर आकर नौ माओं के साथ परफॉर्म करती हैं।

# वीकएंड पर 'ग्राउंड जीरो' ने हासिल की बढ़त, 'केसरी 2' ने लगाई छलांग

**मुंबई।** इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो'ने बॉक्स ऑफिस पर शनिवार को बढ़त हासिल की। बीएसएफ कमांडेंट नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी कहती इस फिल्म को सोशल मीडिया पर भी काफी प्यार मिल रहा है। वहीं, अक्षय कुमार की 'केसरी 2' ने वीकएंड पर अच्छी बढ़त हासिल की है। सनी देओल की 'जाट'को भी छुट्टी का लाभ मिला है।



*ग्राउंड जीरो :* ग्राउंड जीरो' का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। फिल्म की कहानी दुर्दांत आतंकवादी 'गाजी बाबा' के खात्मे की कहानी दिखाती है। पहले दिन इसने महज 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। शनिवार को इसने 1.9 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म की दो दिनों में कुल कमाई 3.05 करोड़ रुपए हो गई है। फिल्म में इमरान हाशमी के अलावा साई तम्हणकर, जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, रॉकी रैना और गुनीत सिंह जैसे कलाकार भी शामिल हैं।

*केसरी 2 :* अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की घटनाओं पर आधारित है। फिल्म 'केसरी 2' ने शनिवार को एक अच्छी बढ़त हासिल की। बॉक्स ऑफिस से इसने सात करोड़ रुपये बटोरें। शुक्रवार को इसने 50 करोड़ का आंकड़ा छू लिया था। 'केसरी 2' ने ओपनिंग डे पर 7.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। पहले सप्ताह में इसने 46.1 करोड़ तक का कारोबार किया। दूसरे हफ्ते के पहले दिन यानी शुक्रवार को 4.42 करोड़ की कमाई करते हुए इसने 50.52 करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लिया। अब शनिवार को आए उछाल की बदौलत इसने 57.15 करोड़ रुपए बटोरे हैं। फिल्म का बजट लगभग 150 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

*जाट :* सनी देओल की 'जाट'ने भी शनिवार को कमाई में बढ़त हासिल की। फिल्म ने 1.36 करोड़ रुपये बॉक्स ऑफिस से जोड़े। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कमाई लाख के आंकड़े में थी। हालांकि सनी देओल की 'जाट' को रिलीज हुए 17 दिन हो गए। फिल्म अब तक 100 करोड़ का आंकड़ा छू नहीं पाई है।

# इस वजह से साथी कलाकार को मौसमी चटर्जी ने मारा था थप्पड़, हाथ से निकलीं कई फिल्में...

**नई दिल्ली।** मौसमी चटर्जी अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह हमेशा मुखर रहीं और किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करती हैं। अगर कोई पुरुष कलाकार सीमा लांघता तो वह उस पर भड़क जाती थीं। बात हद से ज्यादा बढ़ जाती थी तो वह थप्पड़ तक मार देती थीं। हालांकि, अपनी बेबाकी के लिए उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ा। हाल ही में अभिनेत्री ने इस बारे में बात की। उन्होंने बताया बेबाक होने की वजह से उनके हाथ से कई फिल्में निकल गईं।

### पुरुष करते थे फ्लर्ट

सुभाष के झा के साथ बातचीत में मौसमी चटर्जी ने बताया कि वह हद से ज्यादा बढ़ने वाले अभिनेता को थप्पड़ मार चुकी हैं। उन्होंने कहा 'वह इसी के लायक थे। वह सेक्सीस्ट थे, लेकिन मैं इसके लिए उन्हें दोष नहीं देती। आपको सिक्के के दोनों पहलू देखने होंगे। हीरो-हीरोइनों के साथ फ्लर्ट करते थे और वे उम्मीद करते थे कि हीरोइनें भी वैसा ही करें। यही तरीका था, जो वे जानते थे। उन्हें कोई और तरीका नहीं पता था। पुरुषों को उनकी मां लाड़-प्यार करके बड़ा करती हैं, फिर उनकी पत्नियां और बहनें भी उन्हें लाड़-प्यार करती हैं।'



### बड़े कलाकारों के साथ किया काम

आपको बता दें कि मौसमी चटर्जी ने साल 1967 में 'बालिका वधू' फिल्म से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह 'अनुराग' में नजर आईं। मौसमी ने अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना, राजेश खन्ना जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया।

### हाथ से निकल गए कई रोल

*मौसमी चटर्जी ने बताया कि समझौता न करने की वजह से उन्हें कई फिल्मों से हाथ धोना पड़ा। उनसे पूछा गया कि फिल्म 'कोशिश' में उनकी जगह पर जया बच्चन को क्यों लिया गया? इस पर उन्होंने कहा 'इसकी वजह यह थी कि मैं अपनी गरिमा से समझौता नहीं करती, चाहे कुछ भी हो। वह बीते वक्त की बात है। बाद में गुलजार और मेरे बीच सुलह हो गई थी। कई साल बाद 'अंगूर' में साथ काम किया। हरिभाई (संजीव कुमार) 'कोशिश' और 'अंगूर' में भी मेरे हीरो थे। मैंने कई रोल खो दिए थे, क्योंकि मैं किसी के अहंकार को संतुष्ट नहीं कर सकती।'*

## बॉलीवुड की कई फिल्मों ने लोगों को गलत रास्ते पर चलने की दी है प्रेरणा

# इन फिल्मों को देखकर लोगों को मिला अपराध का आइडिया

*नई दिल्ली। एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर धोखे से एक बड़ी कंपनी में नौकरी पाने में कामयाब हो गया। वर्चुअल इंटरव्यू में किसी और को अपनी जगह बैठाकर उसने नौकरी तो पा ली, लेकिन कुछ समय बाद ही उसका भांडा फूट गया। यह कहानी फिल्म ड्रैगन जैसी लगती है, लेकिन आपसे कहा जाए कि असल जीवन में ऐसी घटना हो चुकी है तो आप क्या कहेंगे? तेलंगाना के एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर रापा साई प्रशांत को इस फिल्म ने इतना प्रभावित किया कि उसने वास्तविक जीवन में ऐसा ही करने की ठान ली। हालांकि, उसका यह कारनामा 15 दिनों में कंपनी के सामने आ गया। दरअसल, कंपनी में काम शुरू करने के बाद सहकर्मियों को शक हुआ, क्योंकि प्रशांत की आवाज इंटरव्यू वाले व्यक्ति से अलग थी। इंटरव्यू में वह धाराप्रवाह अंग्रेजी बोल रहा था, लेकिन ऑफिस में उसे बेसिक बातचीत में भी दिक्कत हो रही थी। कंपनी के एचआर विभाग ने जांच शुरू की और वर्चुअल इंटरव्यू के स्क्रीनशॉट को प्रशांत की असली तस्वीरों से मिलाया। तब पता चला कि इंटरव्यू में कोई और था। इस मामले में युवक पर केस दर्ज हो चुका है। प्रशांत का यह कारनामा अकेला नहीं है। बॉलीवुड की कई फिल्मों ने लोगों को गलत रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी है। आइए, उन फिल्मों और उनसे जुड़ी वास्तविक घटनाओं को विस्तार से जानते हैं।*

**डर :** इस फिल्म में शाहरुख खान एक सनकी प्रेमी, राहुल मेहरा, की भूमिका में नजर आए थे, जो अपने एकतरफा प्यार को पाने के लिए किरण (जूही चावला) का पीछा करता है। वह न केवल उसका अपहरण करने की कोशिश करता है, बल्कि हिंसा और धमकियों का सहारा लेता है। इस किरदार की सनक ने दिल्ली के एक युवक को इतना प्रभावित किया कि उसने वास्तविक जीवन में ऐसा करना शुरू कर दिया। उसने स्नैपडील में काम करने वाली एक लड़की का एक साल तक पीछा किया। वह उसकी हर गतिविधि पर नजर रखता था। आखिरकार, उसने लड़की का अपहरण करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे समय रहते पकड़ लिया।



**हिंदी मीडियम :** इरफान खान की इस फिल्म में एक परिवार अपने बच्चे को अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए अपनी आर्थिक स्थिति को झूठा दिखाता है। 2013 में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां एक परिवार ने फर्जी आय प्रमाण पत्र बनवाया। उन्होंने दिखाया कि वे झुग्गी में रहते हैं और उनकी सालाना आय 67 हजार रुपये है, जबकि हकीकत में वे करोड़ों कमा रहे थे।



**स्पेशल 26 :** अक्षय कुमार की यह फिल्म 1987 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जहां नकली सीबीआई अधिकारी बनकर एक व्यापारी से 35 लाख रुपए लूटे गए। फिल्म रिलीज के बाद मुंबई में 2013 में एक ऐसा ही मामला सामने आया। कुछ लोग नकली अधिकारी बनकर कारोबारियों पर छापे मारकर 21 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए।





**धूम :** इस एक्शन फिल्म ने सुपरबाइक्स को भारत में लोकप्रिय बनाया। हालांकि, फिल्म में जॉन अब्राहम और उनके गिरोह द्वारा कसीनो की दीवार तोड़कर लूट का दृश्य कई अपराधियों को भा गया। केरल में एक गिरोह ने शोरूम की दीवार तोड़कर 8 करोड़ रुपए की चोरी की जो धूम की शैली से मिलती-जुलती थी।

*__बंटी और बबली :__ अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की यह फिल्म दो ठगों की कहानी है, जो चालाकी से लोगों को लूटकर ऐशो-आराम की जिंदगी जीते हैं। इस फिल्म से प्रेरित होकर दिल्ली में एक जोड़े ने 2013 में ठगी का धंधा शुरू किया। वे लोगों को बेवकूफ बनाकर पैसे लूटते और फरार हो जाते। पुलिस ने उन्हें पकड़ा तो उन्होंने बंटी और बबली से प्रेरणा लेने की बात कबूली।*



*__दृश्यम :__ अजय देवगन की यह थ्रिलर फिल्म एक ऐसी कहानी है, जहां एक आम आदमी अपनी बेटी और पत्नी द्वारा की गई हत्या को चतुराई से छिपाता है। उसकी योजना इतनी सटीक है कि पुलिस को भनक तक नहीं लगती। इंदौर में एक राजनेता ने इस फिल्म की नकल करने की कोशिश की। उसने एक लड़की की हत्या की और पुलिस को चकमा देने के लिए अपने घर के पीछे एक कुत्ते के बच्चे को मारकर सबूत छिपाने की कोशिश की। लेकिन, उसका अपराध जांच में सामने आ गया।*



## खबर संक्षेप


एरिया आफिसर को सम्मानित करते अतिथि।

### उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए एरिया ऑफिसर को मिला शिरोमणि सम्मान

**डभरा।** द एसोसिएशन का वी क्लब ऑफ़ इंडिया डिस्ट्रिक्ट 323 G3 की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस एवं स्पंदन अलंकरण समारोह मनेद्रगढ़ के होटल हसदेव इन में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया के नेतृत्व में हुआ एरिया 4 के पांचो क्लब अपराजिता डभरा खरसिया सिटी रायगढ़ प्रेरणा रायगढ़ स्माइल पारिजात सारंगढ़ को सेवा कार्यों के लिए अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष माइक्रो चेयरपर्सन को मोमेंटो एवं चेयर पर्सन को मैडल से सम्मानित किया गया एरिया ऑफिसर वी अर्चना मिश्रा को शिरोमणि आंफ द सविताली खिताब से नवाजा गया। यह सम्मान गौ सेवा सिलाई मशीन वितरण वृद्ध सेवा शिक्षा ठंड में गर्म कपड़ों का वितरण भूखो के लिए भोजन वृक्षारोपण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्वास्थ्य शिविर एवं अनेकों कार्यों में योगदान के लिए दिया गया। अपराजिता क्लब से डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में वी गीता पटेल वी पूजा सिदार वी साधना सिंह शामिल हुई।

### पैरा लीगल कार्मिक, वकील की भर्ती के लिए आवेदन 5 मई तक

**सक्ती।** महिला एवं बाल विकास विभाग सक्ती द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किए गये थे। उक्त विज्ञापन के पद क्रमांक 4 पैरा लीगल कार्मिक , वकील हेतु कुल 9 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें किसी भी आवेदक का पद अनुरूप अनुभव नहीं है। चयन समिति द्वारा प्राप्त 9 आवेदनों में किसी भी आवेदक के पास न्यूनतम अनुभव नहीं होने के कारण अनुभव को शून्य वर्ष की सीमा तक शिथिल करते हुए पुनः आवेदन पत्र 5 मई तक 10 दिवस की समय देते हुए आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त पदों हेतु आवेदन पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम से 5 मई सायं 5 बजे तक कार्यालय जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला सक्ती में संचालित है, के पते पर आमंत्रित किये गए हैं। लिफाफे के उपर आवेदित पद का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन अस्वीकार किया जावेगा।

### वार्ड में विभिन्न कार्यों को लेकर पार्षद ने सीएमओ को कराया अवगत



**अकलतरा।** अकलतरा के वार्ड क्रमांक 11 में विभिन्न विकास कार्यो को लेकर पार्षद ने सीएमओ को अवगत कराया है। साथ ही इस दिशा में उचित पहल करने की मांग की है। ज्ञात हो कि वार्ड नंबर 11 पार्षद शेख सितारा मनोज टंडन के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को वार्ड नंबर 11 के विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में पत्र के माध्यम से निर्माण कार्य हेतु आवेदन दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से राम सागर तालाब के पास शासकीय जमीन पर नाला के ऊपर मुस्लिम भवन निर्माण कार्य, बनारसी के घर से लेकर अशरफ मौलाना के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, मोहम्मद ताहिर खान के घर से लेकर मुखीराम बंजारे के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, अभिषेक मिश्रा के घर से लेकर बुधराम सोनवानी के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, आजाद चौक से लेकर नारू केंवट के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य, यादव मोहल्ला के पीपर चौरा से लेकर यादव भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य एवं जैतस्तंभ से लेकर खुलन सोनवानी के घर से सहित वार्ड में विभिन्न विकास कार्य को लेकर अवगत कराया।

## सोशल मीडिया मीट कार्यक्रम में सांसद ने किया संबोधित

# एक राष्ट्र एक चुनाव वर्तमान में देश की आवश्यकता : कमलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सोशल मीडिया मीट कार्यक्रम मे जांजगीर पहुंची जांजगीर चाम्पा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव देश की वर्तमान आवश्यकता है। इसकेलिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है।

सांसद श्रीमती जांगड़े ने कहा कि देश में साल भर कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं जिसकी वजह से विकास कार्य ठप हो जाता है। सरकारी व्यवस्थाओं पर से बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का जो सपना देखा है, उसे हम सब को मिल कर साकार करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने इस योजना पर काम करना शुरू किया था। अब समय आ गया है कि हम सभी उनके इस सपने को साकार करें। भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव, देश के लिए बहुत आवश्यक है। एक राष्ट्र एक चुनाव कराने से न केवल देश पर चुनाव कराने का आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि जब एक साथ चुनाव



सोशल मीडिया कार्यक्रम में उपस्थित सांसद।

होंगे तो नवगठित सरकार को पांच वर्ष तक निरंतर विकास कार्य करने का पर्याप्त समय मिलेगा। सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव सिर्फ नीतिगत बदलाव नहीं है, बल्कि 'दूरदर्शी सुधार' है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार पेश किया गया है, यह भारत के लिए एक दूरदर्शी सुधार है। कार्यक्रम मे करीब 50 से अधिक सोशल इन्फ्लुएंसर का किया गया सम्मान नागरिक मंच जांजगीर के प्रमुख प्रशांत सिंह ठाकुर के नेतृत्व मे किया गया। कार्यक्रम मे नंदनी राजवाड़े, जितेंद्र देवांगन, अनुराग तिवारी, अभिमन्यु राठौर, राहुल सेन सुदीप उपाध्याय सुर्यप्रताप सिंह सोनु यादव चन्द्रकांत रात्रे हेमंत पैगवार डंकेशवर यादव गौरव तिवारी थे कार्यक्रम का संचालन पंकज अग्रवाल व आभार जितेंद्र देवांगन ने किया।

### पार्टी के प्रति समर्पित भाव से काम करें कार्यकर्ता : शुक्ला



**चांपा।** .भारतीय जनता पार्टी के आव्हान पर इन दिनों सभी मंडलों मे सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। चांपा मंडल मे भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर अब तक जनसंघ , जनता पार्टी के नाम से भाजपा के राजनैतिक विचार धारा की भूमिका को परत दर परत प्रस्तुत करते हुए आज के सशक्त भाजपा निर्माण मे अपने जीवन समर्पित करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय,डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी,भारत रत्न अटल बिहारी को याद किया। स्वागत उद्बोधन मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत ने दिया.सम्मेलन मे उपस्थित कार्यकर्ताओं को भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने भी संबोधित किया। हाथ करघा संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल देवांगन,युवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सलीम मेमन चांपा नगरपालिका के अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत बलौदा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शिशु पाल सिंह अतिथि के रूप में मंचस्थ थे .युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश जायसवाल,नगर अध्यक्ष गिरीश मोदी, समसुद्दीन अंसारी रामबल्लभ सोनी,मंगल चंद देवांगन,पवन पाठक, दुर्गा पटेल, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संगीता पाण्डेय, पार्षद पुष्पा सिंह रजनी सोनी लक्ष्मी चंद्रा, अन्नपूर्णा सोनी,डा.धनेश्वरी जागृति,रजनी देवांगन पूनम राय, स्वेता श्रीवास आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन का संचालन गोपी बरेठ एवं अनंत थवाईत ने किया.आभार प्रगट पुरुषोत्तम शर्मा ने किया।

## फरहदा में गहराया जल संकट , जल जीवन मिशन का टंकी शोपीस बनकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम फरहदा में भूजल स्तर अत्यधिक नीचे गिरने के कारण ग्राम वासियों को पानी के लिए भीषण संकट का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि फरहदा में जल संकट के कारण लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं । एक और जहां गांव मे पूर्व मैं खोदे गए हेडपंप पानी नहीं उगल रहे हैं वहीं जल जीवन मिशन के टेपनल भी सूखे पड़े हैं।

भीषण गर्मी के बीच ग्राम वासियों को हैंडपंपों से पानी नहीं मिलने के कारण निस्तारी सहित अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी निर्माण किया गया है एवं नल कनेक्शन बिछाया गया है लेकिन यह केवल शोपीस बनकर रह गया है। नव निर्वाचित सरपंच ममता सोहन विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने निजी व्यय में कई हेडपंपो को बनवाया है और कुछ हेडपंपो बनना बाकी है जिन्हें जल्दी ही सुधारा जाएगा। भू-जल स्तर नीचे चले जाने के कारण समस्या जल्द हल होने वाली नहीं है । तालाब का पानी भी कम हो गया है और लोगों को निस्तारण की समस्या आ रही है ।

**खास बात**
- लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी बनी हुई है समस्या

सरपंच ने बताया कि हम लोग महिला समूहों को समझा रहे हैं कि जल समस्या से निजात पाने जल संरक्षण करना जरूरी है इसलिए सचिव और सरपंच महिला समूहों को अपने घरों में सोख्ता गड्ढा बनाने की सलाह दे रहे हैं जिससे भू-जल स्तर बढे। इसके साथ ही एक दो जगह बोर भी करवाया


शोपीस साबित हो रही पानी टंकी।

जायेगा जिससे लोगों को कुछ राहत मिल सके। भीषण गर्मी के बीच ग्राम वासियों को हैंडपंपों से पानी नहीं मिलने के कारण निस्तारी सहित अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी निर्माण किया गया है एवं नल कनेक्शन बिछाया गया है लेकिन यह केवल शोपीस बनकर रह गया है।

## मिनी वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में विजेता टीम हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर- चांपा

जिला शतरंज संघ द्वारा होटल हरियाली हेरिटेज में मिनी वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। इस दौरान विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।

ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली बाल खिलाड़ियों को मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करना रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं ओलंपिक संघ के पदाधिकारी अमर सुल्तानिया ने कहा शतरंज एक ऐसा खेल है जो बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता, एकाग्रता, धैर्य और रणनीतिक सोच को विकसित करता है। आज के युग में मानसिक विकास के लिए शतरंज खेल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शशि राठौर जी, तथा प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीआईएल) प्रबंध समिति की ओर से श्री वी. एन. बाजपेई तथा



विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि।

समाजसेवी श्री शशांक राठौर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों के हुनर और समर्पण की सराहना किए।प्रत्येक आयु वर्ग में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान को ट्रॉफी तथा तृतीय स्थान को मोमेंटो प्रदान किया गया।तथा प्रत्येक खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया । प्रतियोगिता में चयनित प्रत्येक आयुवर्ग से दो-दो बालक बालिकाओं का चयन एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में 15 से 19 मई को आयोजित राज्य स्तरीय मिनी चेस चैम्पियनशिप के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में जिला शतरंज संघ अध्यक्ष गिरधर गोपाल, उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष लोकेश यादव, श्रीमती जयंती यादव, संत राम यादव, धीरेन्द्र राठौर, राजेश देवांगन, मनीष सूर्यवंशी सहित संघ के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### तनौद व खोरसी क्षेत्र में खुलेआम चल रहा जुआ

**तनौद।** शिवरीनारायण क्षेत्र के तनौद खोरसी में पिछले दो दिनों से एक बड़े जुए का आयोजन चल रहा है। इस जुए में लाखों रुपयों का दांव लगने की खबर है। जिसमें सारंगढ़, जांजगीर, बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर, दुर्ग, सक्ती, सीपत, बलौदा और अन्य क्षेत्रों के लोगों के शामिल होने की सूचना है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तनोद खोरसी के एक खास स्थान पर यह जुआ चल रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर लाखों रुपये का दांव लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस जुए में ताश के पत्तों के साथ-साथ अन्य तरीकों से भी बाजी लगाई जा रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को इस पर संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि कोई पुलिस अधिकारी इस अवैध गतिविधि में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## लीनेस क्लब चांपा द्वारा निःशुल्क पेयजल प्याऊ केंद्र का शुभारंभ

**चांपा।** भीषण गर्मी में तपती सड़कों से गुजरते राहगीरों, श्रमिकों एवं नागरिकों के लिए जल सेवा को सर्वोच्च सेवा मानते हुए समाज सेवा में अग्रणी संस्थान लीनेस क्लब द्वारा बरपाली चौक में एक निःशुल्क पेयजल प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर एरिया ऑफिसर-2 लीनेस अणिमा प्रसाद ने कहा कि जल सेवा सबसे बड़ा धर्म है। पूर्व डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस चित्रलेखा चंदेल ने कहा कि जल सेवा ही जीवन सेवा है। डॉ. शरद बिरथरे, पूर्व डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट, ने कहा-पेयजल सेवा सार्वजनिक स्थलों की सबसे ज़रूरी आवश्यकताओं में से एक है। लीनेस क्लब चांपा का यह प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय और अनुकरणीय है।



श्रीमती संगीता अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट, क्लब अध्यक्ष लीनेस कल्याणी केसरवानी, क्लब सचिव ममता अग्रवाल ने कहागर्मी में जल सेवा का कार्य न केवल राहगीरों को राहत देगा, बल्कि लोगों को समाज सेवा के लिए प्रेरित भी करेगा। लीनेस क्लब ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इस पुण्य कार्य का शुभारंभ किया है। कोषाध्यक्ष डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी ने कहा कि आज के समय में जब जल संकट बढ़ता जा रहा है। संचालन कोषाध्यक्ष डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी ने किया। सचिव लीनेस ममता अग्रवाल ने प्रति आभार व्यक्त किया।

## 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 से 30 तक

**सक्ती।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है। जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त प्रशिक्षण शिविर में सक्ती जिले के जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को निम्नांकित खेल विधा बैडमिंटन, बालीबाल, फुटबाल, कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स तथा ओलंपिक में शामिल खेलों का प्रशिक्षण 1 मई से 30 मई तक सुबह 5 बजे से 7 बजे तक एवं शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक नंदेली भांठा मैदान सक्ती में प्रशिक्षण दिया जाना है। उपरोक्त खेल प्रशिक्षण शिविर में सक्ती जिले के बालक व बालिका खिलाड़ी जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, उक्त खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है।

### बिर्रा उपकेन्द्र में मेंटनेस व पेड़ कटाई के चलते आज बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बिर्रा।** बम्हनीडीह ब्लाक अंतर्गत आने वाले उपकेन्द्र बिर्रा में मेंटनेंस एवं पेड़ कटाई के चलते मंगलवार 29 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे लाइन सप्लाई बाधित रहेगी। बम्हनीडीह से बिर्रा केव्हीं लाइन एवम बिर्रा उपकेंद्र में मेंटेनेंस और झाड़ कटिंग किया जाना प्रस्तावित है। बिर्रा से निकलने वाली सभी लाइन प्रातः 8 बजे से दोहर 2 बजे तक बंद रहेगी। ।आवश्यकतानुसार समय बढ़ाया घटाया जा सकता है।

## महाकालेश्वर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, देव पूजन विभिन्न वास प्रक्रिया आज

**तनौद।** संगम तीर्थ देवरघटा धाम थाना शिवरीनारायण पामगढ़ में सनातन धर्म संरक्षण प्रचार प्रसार केंद्र वानप्रस्थ आश्रम जिसके संस्थापक कोड़ाभाट के वानप्रस्थी ठा. बलराम सिंह आध्यात्मिक चिंतक ने लगभग एक हजार ग्रामों के धर्मशील देशभक्त राष्ट्रचिंतक नागरिकों से आर्थिक सहयोग लेकर भव्य श्री महाकालेश्वर मंदिर का निर्माण किया है।

जिसके गर्भ गृह में श्री महाकालेश्वर शिवलिंग की स्थापना हो रही है ऊपर तल में कैलाश धाम में शिव परिवार की मूर्ति स्थापित हो रही है नीचे के परिक्रमा में नव दुर्गा रिद्धि सिद्धि महालक्ष्मी महा सरस्वती भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी भैरव



बाबा गायत्री माता श्री हनुमान जी आदि मूर्तियां स्थापित हो रही है। जिन सब की प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया 28 अप्रैल जल यात्रा से प्रारंभ हो चुकी है 29 अप्रैल को सर्व देव पूजन विभिन्न वास की प्रक्रिया होगी 30 अप्रैल अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर पूर्णाहुती एवं प्राणप्रतिष्ठा होगी। प्राण प्रतिष्ठा के आचार्य प. पंकज शुक्ला, राकेश पांडे, तिलेश शर्मा। यजमान रामदत्त तिवारी श्रीमती सरस्वती तिवारी भिलौनी, संदीप सिंह, श्रीमती दीप्ति सिंह, पंच राम पटेल, श्रीमती कुमारी पटेल केसला, श्याम केवट श्रीमती त्रिवेणी केवट देवरघटा है। उक्त जानकारी आशुतोष सिंह ने दी।

## अठोरिया यादव का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न, प्रदेशाध्यक्ष बने जवाहर

**राहौद।** छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज केन्द्र पामगढ़ पंजीयन क्रमांक 1531 का एक दिवसीय महाधिवेशन ग्राम भखराभांठा-पड़रिया में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा, सामाजिक संविधान में संशोधन, नवीन कार्यकारिणी के मनोनयन पर विचार कर नए पदाधिकारियों का चयन किया गया।

अध्यक्ष पद हेतु दो प्रत्याशी दिलचंद यादव एवं जवाहर यादव थे। सभी सदस्यों, मतदाताओं एवं निवर्तमान पदाधिकारियों की सहमति से अध्यक्ष पद का चयन मतदान प्रणाली से करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था। उपस्थित सदस्यों ने मतदान किया जिसमें जवाहर यादव को विजयी घोषित किया गया। सचिव के लिए रमेश यादव, उपाध्यक्ष शिवशंकर यादव सोनसरी, कोषाध्यक्ष पुनाऊ


मनोनीत यादव समाज के पदाधिकारी।

राम यादव, सहसचिव रामकुमार यादव हिर्री, कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन यादव-रसौटा, अश्वनी यादव अमोरा हैं। चुनाव पश्चात अध्यक्ष का प्रमाण पत्र मिलने के बाद अपने संबोधन में जवाहर यादव ने कहा कि युवा विकास यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें हर गाँव व क्षेत्र का दौरा कर युवाओं से सीधा संवादकिया जाएगा। महिला सशक्तीकरण हेतु स्वावलंबन केन्द्र की स्थापना। उन्होंने कहा यह ऐतिहासिक अवसर से पूरे अठोरिया यादव समाज में उत्साह, विश्वास और एकजुटता का संचार कर दिया है। लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए समाज ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नेतृत्व का चयन सही तरीके से होता है तो प्रगति की राह स्वतः ही प्रशस्त होती है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि रमेश यदु ने कहा कि यादव समाज के लिए किया गया। प्रत्येक कार्य किसी भी प्रकार के पुण्य से कम नहीं होता है, आज समाज है तो हम हैं नहीं तो कुछ भी नहीं रहता है, इसलिए सभी सामाजिक बन्धुओं को एकजुट होकर रहना चाहिए और समाज के लोगों की किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान हम मिल जुलकर करें तो हमारा समय एवं धन की बचत होगी। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व अध्यक्ष सीताराम यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष पामगढ़ श्रीमती कल्याणी यादव पूर्व सचिव शगणेश राम यादव, रामबिलास यादव, पूर्व कोषाध्यक्ष राजकुमार यादव, अशोक यादव, रोहित यादव, प्रकाश यादव, सन्नी यादव, सखा यादव, परसराम यादव, शत्रुहन यादव, संतराम यादव, ओमप्रकाश यादव, सनत यादव, संतोष यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पामगढ़ तेरस राम यादव सहित यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

